महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0 / प्रपप्र / बी.एड. / 2026 / 2452-57 दिनांक : 19.02.2026

ई–मेल

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड
विश्वविद्यालय, बरेली।

संकायाध्यक्ष,
शिक्षा एवं सहबद्ध विज्ञान संकाय,
विश्वविद्यालय परिसर,
बरेली।

विषयः उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2026 आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा प्रेषित संलग्न पत्र संख्या बु0वि0 / यू.पी.बी.एड. / 2026 / 016 दिनांक 13.02.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो कि स्नातक अंतिम वर्ष / सेमेस्टर (5वें एवं 6 वें) में अध्ययनरत् अथवा परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र–छात्राओं को बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ निर्धारित तिथि के पूर्व ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में है।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार प्रचार–प्रसार एवं अर्हताधारी छात्र–छात्राओं तथा अर्हता परीक्षा में सम्मिलित (Appearing छात्र / छात्राओं) को निर्धारित तिथियों के अनुसार आवेदन एवं प्रवेश हेतु अपने स्तर से जागरूक करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. कुलसचिव / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026.
2. प्रभारी वेबसाइट।
3. निजी सचिव–कुलपति जी।
4. वैयक्ति सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी
Bundelkhand University, Jhansi

पत्रांकः बु0वि0/यू.पी.बी.एड./2026/016 **दिनांकः** 13 /02/2026

सेवा में,

समस्त कुलसचिव
राज्य विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश

विषय– उ0प्र0 संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2026 आयोजित करने के सम्बंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश संख्या– 7099/4/2021–उच्च शिक्षा अनुभाग–7–उच्च शिक्षा दिनांक 24 नवम्बर, 2025 के द्वारा सत्र 2026–28 के बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2026 आयोजित कराने हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को आयोजक विश्वविद्यालय नामित किया गया है। संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2026 हेतु आवेदन दिनांक 10/02/2026 से बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की वेबसाइट **www.bujhansi.ac.in** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा परीक्षा आवेदन हेतु महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है :–

- **बिना विलम्ब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि– दिनांक 05/03/2026**
- **विलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि– दिनांक 10/03/2026**
- **प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने की संभावित तिथि :– दिनांक 26/04/2026**

जैसा कि विदित है प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, शासन की प्राथमिकताओं में है। प्रशिक्षित अध्यापक ही शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नये आयाम प्रदान कर सकते है। प्रदेश में सम्पूर्ण शैक्षिक उन्नयन हेतु बी0एड0 पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता होती है तथा निजी विश्वविद्यालयों में भी बी0एड0 उपाधि धारक शिक्षकों की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से बहुविषयक पाठ्यक्रमों, वैल्युएडेड कोर्सेस के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होने के कारण बी0एड0 प्रशिक्षित अध्यापकों की मांग बढ़ गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुये विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक अंतिम वर्ष/सेमेस्टर (5वें एवं 6वें) में अध्ययनरत अथवा परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र–छात्रओं को बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपर्युक्त तिथियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ निर्धारित तिथि के पूर्व ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक कराने की कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

आदेशानुसार यह भी अनुरोध है कि सम्बद्ध महाविद्यालयो को भी उपर्युक्त के प्रचार–प्रसार एवं अर्हताधारी छात्र/छात्राओं तथा अपीयरिंग (छात्र/छात्राओं) को आवेदन एवं प्रवेश हेतु अपने स्तर से जागरूक करने के दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
कुलसचिव/नोडल अधिकारी
उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2026

प्रतिलिपिः– निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव/नोडल अधिकारी
उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2026